Need to include people belonging to ?Heri? community in the list of Scheduled Tribes/Scheduled Castes? Laid

श्री धर्मबीर सिंह **(**भिवानी**-**महेन्द्रगढ़**) :** हेड़ी समाज (जो वर्तमान में कई स्थानों पर नायक जाति के नाम से जाना जाता है) की एक अहम और वर्षों से लंबित मांग को सरकार के समक्ष रखना चाहता हूँ । यह समाज मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला भिवानी-चरखीदादरी-महेंद्रगढ़ सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों में निवास करता है, और आज़ादी के बाद से ही सामाजिक, प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रतिनिधित्व से वंचित रहा है । इस समाज का न कोई IAS, न HCS अधिकारी है और न ही सरकारी तंत्र में समुचित भागीदारी । इस समुदाय ने आधुनिक पहचान के लिए "नायक" नाम अपना लिया, जिसकी वजह से उन्हें ओबीसी वर्ग में शामिल कर दिया गया । जबकि हरियाणा में यह समाज आज भी सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा और अनुसूचित जाति वर्ग में भी सबसे कमजोर स्थिति में है । अतः इस समाज की यह मांग है कि इन्हें अनुसूचित-जनजाति (ST) वर्ग में सम्मिलित किया जाए, और यदि वह संभव न हो, तो कम से कम अनुसूचित-जाति (SC) वर्ग में पुनः शामिल किया जाए, ताकि उन्हें आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं का उचित लाभ मिल सके । मेरा केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार से विनम्र अनुरोध है कि इस समाज की पीड़ा को समझते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए ।